# नर्मदा तट के होटलों-ढाबों में बिक रही शराब

## जिला कांग्रेस कमेटी मंडला ने आबकारी अधिकारी का पुतला फूंक कर किया विरोध

**मंडला, देशबन्धु।** आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश के द्वारा अवैध शराब के प्रचलन पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मध्य प्रदेश राज्य में विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, परन्तु मंडला जिले और शहर के आस पास मां नर्मदा जी के तट से लगे इलाकों पर होटल ढाबों किराना पान दुकानों से शराब की बिक्री की जा रही है । जिला आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने सेटअप और खाना पूर्ति में लगे रहते हैं कुछ अवैध शराब व्यापारियों को उनके द्वारा कॉल कर पहले ही सूचित कर दिया जाता कि 10 या 12 पाव का मामला बनवा लो, छोटे छोटे शराब व्यापारियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही कर विभाग अपनी ही पीठ थपथपा लेता है।




मंडला जैसे पवित्र स्थानों पर गली गली शराब बेची जा रही है जिससे समाज में अपराध और घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सरकार के आदेश के खिलाफ प्रशासन लगातार मौन रख कर शराब माफिया को संरक्षण दे रहा है आबकारी विभाग के दल को यह सूचना होती है कि मां नर्मदा जी के किनारे किन किन क्षेत्रों में अवैध शराब बनाए जाने तथा काफी अधिक मात्रा में अवैध रूप से हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाई जाती है और उसे आस-पास के बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता है, जिससे जनहानि होने की आशंका रहती है। इसीलिए इस पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता है। विभाग की अराजकता के चलते जनता में भारी आक्रोश है,जनता की सुरक्षा और धार्मिक मान्यताओं के संरक्षण के लिए जिला कांग्रेस कमेटी मंडला ने आबकारी अधिकारी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशु जैन, अनिल दुबे, श्रीकांत कछवाहा, प्रणय भंडारी, बाबा दुबे,जावेद खान, कोविद सिंह ठाकुर,दीपक बैरागी,सौरभ साहू, अंशुल नागवंशी,अमन लाहौरी,जावेद कुरैशी,आतिफखान,विवेक दुबे आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# कुम्हारघाट में अब दोगुनी राशि वसूलेगा ठेकेदार

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के जनपद पंचायत नारायणगंज के अंदर आने वाले गांव कुंम्हा जो की माता नर्मदा जी के तट पर बस्ता है ।

दो जिलों को जोड़ने के लिए यहां पर घाट की नीलामी जनपद पंचायत नारायणगंज द्वारा की जाती है जिस पर घाट की नीलामी प्रतिवर्ष करी जाती है हर वर्ष की तरह वर्ष 2024 में कुम्हाघाट की नीलामी की गई जिस पर बोलीदार रविंद्र बर्मन ने घाट का ठेका लिया और साथ में एक अनुबंध पत्र नारायणगंज जनपद से किया की घाट को नियम पूर्वक चलाया जाएगा परंतु निरख नामे से दुगनी राशि दबंग ठेकेदार द्वारा वसूली जाती है।




उचित निरख नाम भी वहां उपलब्ध नहीं है। घाट से गुजरने वाले मुसाफिर अगर निरख नमी के विषय में बात करते हैं तो ठेकेदार और उसके रखे बदमाशों द्वारा मुसाफिरों को गाली-गलौज करी जाती है यह सब जनपद पंचायत के नाक के नीचे हो रहा है और जनपद को होश नहीं।

मुसाफिर जाए तो जाए कहां हमारे संवाददाता ने वहां से आने जाने वाले मुसाफिरों से बात करी जिन मैं ग्राम टेकरिया निवासी राजेश सिंह पटेल जबलपुर निवासी नवीन तिवारी राकेश यादव संजय द्विवेदी और अन्य लोक शामिल थे।

इन्होंने बताया कि राजेश सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत करी है दबंग ठेकेदार ने जनपद को इस कदर मजबूर कर रखा है की सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत का भी वहां के कर्मचारी गंभीरतापूर्वक निराकरण करने में सफल नहीं है उल्टा प्रार्थी को काफी बार फोन पर संपर्क करके शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया जाता है तो क्या जनपद के सीओ,पंचायत इंस्पेक्टर और अन्य कर्मचारी ठेकेदार के कद के आगे बोने साबित हो रहे हैं या उनकी मिली भगत है यह सवाल प्रदेश सरकार के सामने। अब देखना यह है कि जनपद उचित कार्रवाई करती है या कार्रवाई करने में सफल होती है या ठेकेदार के वचन के सामने बौनी साबित होती है।

## सार-समाचार

### बाघ के हमले से वृद्ध की मौत, दो दिन बाद सिर और हड्डियां मिलीं

**मंडला, देशबन्धु।** जिले के कान्हा नेशनल पार्क के केरा घाट पर बांस काटने गए वृद्ध का दो दिन बाद क्षत-विक्षत शव मिला है। मिली जानकारी के अनुसार वृद्ध युवक निवासी मनोहरपुर बांस काटने जंगल गया था। जब वह घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश करने परिजन जंगल में गए, जहां दो दिनों बाद कान्हा नेशनल पार्क के कोर एरिया के केरा घाट पर उनके कपड़े व बांस का बंडल मिला और कुछ ही दूरी पर हड्डियां और खोपड़ी देखी गई। जिसको बाघ पूरी तरह से खा चुका था। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने डीएफओ एवं कलेक्टर, मंडला से मामले की जांच कराकर मृतक के उत्तराधिकारियों को शासन की योजनाध्नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### कालोनी के मामले में जांच प्रतिवेदन तक नहीं

**डिंडौरी, देशबन्धु।** दरअसल नगर के बीचों बीच म्रदु किशोर कॉलोनी भूमि खसरा नम्बर 229 / 1 एवम 231 / 2 कुल रकवा 2562 है0 में बनी हुई है , वही उक्त कालोनी निर्माण कार्य में कॉलोनाइजर का उलंघ्न किया गया है , वही उक्त जमीन में रकवे के साथ शासिय नाले का भी मामला है , ऐसे कुछ बिंदुओं की जांच हेतु पत्र कर्मक 14 12 आ वि अ/ 2024/541₇ दिनांक 24/ 06/2024 दिए गए आदेश पत्र में स्पष्ट उलेख है कि जांच प्रथक- पृथक किया किया जाए वही अतिक्रमण पाए जाने पर भी नियमानुसार प्रकरण तैयार कर प्रतिवेदन 7 दिवस में पस्तुत किये जाने हेतु नियमानुसार दल गठित किया जाता है । जांच दल में दीपक रधुवंसी, राजस्व निरीक्षक डिण्डोरी,तीरथप्रसाद सन्त राजस्व निरीक्षक नेवासा , हेमंत उइके राजस्व निरीक्षक अमरपुर , बी पी साहू हल्का पटवारी डिण्डोरी , जितेंद्र रजक हल्का पटवारी सुबखार दीपक पटवारी हल्का ओरई उक्त क्रय को प्रथमिकता दे हेतु आदेश जारी किया गया था परंतु आज दिनक तक उक्त मामले में जांच प्रति वेदन प्रस्तुत नही किया गया उक्त विषय मे जब एस डी एम राम बाबू से जानकारी देशबन्धु ने ली तो यह जानकारी दी गई, वही एस डी एम द्वारा कर्यवाई के बात कही गई ।

### ट्रैक निरीक्षण और राहत की उम्मीद

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह स्टेशन मास्टर मुकेश जैन के अनुसार, 120 किमी/घंटा की गति से विशेष ट्रेन चलाकर ट्रैक का निरीक्षण किया गया। अनुमति मिलने के बाद ट्रैक पर गाड़ियों का परिचालन शुरू किया गया है। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, और ट्रेनों की आवाजाही में राहत मिलेगी। तीसरी रेल लाइन के विस्तारीकरण के बाद क्षेत्र में यातायात सुगम होने और रेलवे संचालन में सुधार की उम्मीद है।

### दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी के बिरसा मुंडा मैदान झुरकी टोला में रविवार को संभाग स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। खेल के अंतिम दिन अतिथियों के बीच कुर्सी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें डॉक्टर देवेंद्र मरकाम विजेता रहे। खेल प्रतियोगिता में पहला और दूसरा स्थान के विजेताओं को शील्ड और प्रमाण पत्र बांटे गए।

### कांग्रेस पार्टी का धरना कार्यक्रम आज

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेश अनुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा के निर्देशन पर विजयपुर एवं बुधनी विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा के द्वारा की गई अनिमित्ताओं एवं मतदाताओं को वोट डालने से रोके जाने एवं संविधान निर्माता बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को भी नुकसान पहुंचाये जाने के विरोध स्वरूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा दिनांक 19.11.2024 को बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पन्ना जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसमें कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी गण पूर्व विधायक विधानसभा प्रत्याशी समस्त प्रकोष्ठ एवं संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी युवा एवं महिला कांग्रेस तथा सेवा दल कांग्रेस के अध्यक्ष किसान कांग्रेस के अध्यक्ष और पदाधिकारी समस्त विभागों के जनप्रतिनिधि गण एवं समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्तागण अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अक्षय तिवारी द्वारा विशेष अनुरोध किया गया है। उक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम दोपहर दो बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें शामिल हो कर कार्यक्रम को सफल बनाये।

# शिक्षक के सूने घर में चोरी, दस्तावेज व जेवर ले उड़े

**गाड़ासरई, देशबन्धु।** ग्राम मानिकपुर में शनिवार की दोपहर एक शिक्षक के सूने घर में बदमशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए सरकारी दस्तावेज जेवर सहित नगदी लेकर फरार हो गए।

शिक्षक अमान मरावी ने बताया कि वह झनकी संकुल केंद्र में शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। शनिवार को ड्यूटी पर स्कूल गए थे, परिवार के सभी सदस्य खेत गए हुए थे। इसी का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के लोग जब घर पहुंचे तो तालाटूटा हुआ था, और सारा सामान बिखरा था। आलमारी में रखे जेवर व नकदी सहित शासकीय दस्तावेज भी गायब थे। शिक्षक ने बताया कि बदमाशों ने नकदी सहित जेवर मिलाकर आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान हुआ है।



घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। एसआई ध्रुव सिंह ने बताया कि पुलिस चोरी की पतासाजी के लिए सभी पहलुओं पर बारीकी से पड़ताल कर रही है। संदेहियों से पूछताछ भी जारी है।

**महिलाओं ने बदमाशों को दस्तावेज फाड़ते देखा-** शिक्षक ने बताया कि घोपतपुर से जानकारी देने वाले व्यक्ति से मिलने पर पता लगा कि दो महिलाएं बदमाशों को रास्ते में दस्तावेज फाड़ते हुए देखा था। महिलाओं के पास जाते ही तीन युवक बाइक में सवार होकर सागर टोला के रास्ते से भाग गए। महिलाओं ने बताया कि अगर वह उन्हे दोबारा देखेंगी तो पहचान सकती हैं।

**सडक़ किनारे मिले दस्तावेज-** शिक्षक के घर में घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों दस्तावेजों को फाडकर घोपतपुर गांव के नजदीक सडक़ से कुछ दूरी पर फेंक दिया है। खेतों में काम कर लौट रहे ग्रामींणों ने भूमि का पट्टा, आधार कार्ड, समग्र आइडी सहित अन्य कागजों को देखा तो उसमें एकएलआइसी की रसीद भी थी, जिस पर संबंधित बीमाकर्ता का नंबर अंकित था, इसी नंबर पर ग्रामीणों ने फोन लगाकर बीमाकर्ता से बात कर दस्तावेज पड़े होने की जानकारी दी। शिक्षक को उनके दस्तावेज घोपतपुर में मिलने की बात बताई जिसके बाद दस्तावेज चोरी का पता लग सका।

**पुलिस गश्त की मांग-** मानिकपुर के ग्रामीण घटना के बाद से दहशत में हैं, इन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है। ऐसे घटनाओं को नियंत्रण में करने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही प्रतिदिन पुलिस की गश्त सुनिश्चित किया जाए। बाहर से आने वाले तथा अपराधी प्रवृत्ति और नए लोगों की हिस्ट्री की जानकारी व गतिविधियों पर भी निगरानी रखा जाना चाहिए।

# मानव अधिकार ने मांगा जबाव

## खबर का असर

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी ने विगत दिवस के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के 12 मामलों में'' संज्ञान लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। जिसमे 1 मामला मण्डला जिले के हैं। आयोग ने संबंधितों से जवाब मांगा है।

मण्डला- जिले के 1 मामला जो समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुए थे जिसमें प्रथम दृष्टया मानव अधिकार का उल्लंघन है ऐसे मामले को संज्ञान मे लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। इस बात की जानकारी कार्यालय प्रभारी म. प्र. मानव अधिकार आयोग-मित्र, शिकायत प्रकोष्ठ शाखा मण्डला के वरूण विकास नीखर ने दी है।

# सीएमएचओ बंगला बना खंडहर

## दस साल से पड़ा है खाली



**दमोह, देशबन्धु।** जिले के स्वास्थ्य विभाग के मुखिया के लिए वर्षों पहले बनाया गया बंगला खंडहर में तब्दील हो चुका है। दूर से देखने में यह बंगाल किसी भूत बंगला से कम नहीं दिखता है। हैरानी की बात यह है कि इस बंगले के जीर्णोद्धार को लेकर अभी तक कोई प्रयास ही नहीं किए गए। बता दें की पिछले करीब दस सालों से यह बंगला खाली पड़ा है। इस दौरान पदस्थ हुए सीएमएचओ अस्पताल के अंदर रह रहे थे। सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक पिछले एक साल से सिविल सर्जन बंगले में रह रही हैं। इस वजह से सीएस को बाहर रहना पड़ रहा है।

**तो हो सकता है अन्य निर्माण-** यह बंगला जिस जमीन पर बना हुआ है। वह करीब 5000 वर्ग फीट से अधिक है। यदि इस जर्जर बंगले को डिस्मेंटल कर अन्य कार्य के लिए उपयोग किया जाए तो मरीजों को फायदा होगा। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में स्टोर के लिए जगह नहीं है। दवाओं को एक छोटे से कमरे में रखा जाता है। यदि इस जगह पर दवाओं के लिए स्टोर रूम बना दिया जाए तो दवाएं सिस्टेमेटिक तरीके से रखी जाएंगी।

**हैरानी: एक दशक से नहीं दिया गया ध्यान-** सीएमएचओ बंगला जिला अस्पताल से चंद कदम दूरी पर बना हुआ है। यह बंगला पुराने दौर के समय के जैसा है। छत की जगह पर खपरे लगे हुए हैं। बताया जाता है कि तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा था, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, दो घायल

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के तारादेही और तेंदूखेड़ा के बीच रविवार रात एक बाइक पर सवार जीजा-साली और जीजा के दोस्त को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद जीजा के दोस्त भागीरथ आदिवासी को मृत घोषित कर दिया।



जीजा मोहन आदिवासी को गंभीर स्थिति में जबलपुर रेफर किया गया, जबकि साली का इलाज तेंदूखेड़ा अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा तब हुआ जब तीनों मंडी जा रहे थे।मृतक भागीरथ आदिवासी और घायल मोहन आदिवासी इमलिया चौकी के मुड़ेरी गांव के निवासी हैं। रमपुरा निवासी मुस्कान आदिवासी ने तेंदूखेड़ा पुलिस को बताया कि उनके जीजा मोहन आदिवासी अपने दोस्त भागीरथ आदिवासी के साथ मुड़ेरी से रमपुरा आए थे। मंडी में काम के लिए मैं भी जीजा के साथ बाइक पर जा रही थी।

बमनौदा के आगे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे हम तीनों गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद वाहन वहां से भाग निकला। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को तेंदूखेड़ा अस्पताल पहुंचाया।

तेंदूखेड़ा के सीबीएमओ डॉ. आरआर बागरी ने बताया कि हादसे में भागीरथ की मौत हो गई, जबकि मोहन आदिवासी को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। एसआई आरके गोस्वामी ने बताया कि सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# 518 करोड़ खर्च फिर भी खेतों तक नहीं पहुंचापानी

## दमोह व पथरिया ब्लॉक के 51 गावों में पानी पहुंचाने का दावा खोखला

**दमोह, देशबन्धु।** सीतानगर सिचाई परियोजना के तहत जिन 51 गावों में पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। असल में वहां पर खेतों की सिचाई के लिए किसान अभी भी परेशान हैं। किसानों को पाइप लाइन के जरिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। किसानों का यहां तक कहना है कि यदि इस सिचाई परियोजना के भरोसे रहे तो किसान भूखे मर जाएंगे।

इसी संबंध में दमोह ब्लॉक अंतर्गत झिरा, नरसिंहगढ़ मोहली, सतारा, इमलीजोग, कारीजोग, खैजरा, बड़ागांव, रानगिर, सीतानगर के आसपास के गांव, मनकौरा, सिमरी, रामपुर भगवां आदि गांव के किसानों से बात की। अधिकांश ने पर्याप्त पानी न मिलने की बात बताई। उसके मुताबिक नई पाइप लाइनें अभी से क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। पानी के प्वाइंट जगहों पर बनाए हैं, पर इक्का-दुक्का प्वाइंट से ही पानी आ रहा है।

बता दें कि परियोजना के स्वीकृत होने के दौरान 84 गांव प्रस्तावित थे, लेकिन सिर्फ 51 गांवों तक पानी पहुंच सका है। इनमें दमोह के 22 और पथरिया के 29 गांव शामिल हैं। छूटे हुए 33 गांव दमोह ब्लॉक के हैं।

**16,200 हैक्टेयर सिचाई का दावा-** विभाग का दावा है कि जिले के दमोह व पथरिया ब्लॉक में 16 हजार से अधिक हेक्टेयर भूमि पर सिचाई के लिए सीतानगर सिचाई परियोजना के जरिए पानी दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 518 करोड़ रुपए की लागत से यह सिचाई परियोजनाएं मंजूर की गई थी। इस परियोजना में 70 करोड़ रुपए शेष बचे थे।

**187 करोड़ का प्रपोजल भेजा था शासन को-** छूटे हुए 33 गावों के किसानों को भी पानी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि जल संसाधन विभाग द्वारा शासन को भेजी गई फाइल यहां से वहां घूम रही है। एक साल बीत चुका है, पर अभी तक जल संसाधन विभाग मंजूरी नहीं दिला सका है। इन गांवों के खेतों में पानी पहुंचाने के लिए 187 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया था, जिसे मंजूरी के लिए शासन को भेजने की बात कही जा रही है।

**इनका कहना-**

सीतानगर सिचाई परियोजना पूरी हो गई है। 51 गांवों में पानी खेतों की सिचाई के लिए दिया जाने लगा है। जहां तक इन गावों में पानी न मिलने की बात है तो मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है। 33 गांवों की बात है तो इनके लिए अलग से प्रपोजल भेजा गया है। प्रशासकीय मंजूरी मिलने के बाद ही प्रोजेक्ट शुरू हो पाएगा।

**शुभम अग्रवाल**
**ईई जल संसाधन विभाग**

मेरी बीस एकड़ जमीन है, पर सिचाई के लिए कुएं के पानी पर ही निर्भर हैं। सीतानगर सिचाई परियोजना के तहत कोई पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है।

**गोविंद प्रसाद पटेल**
**किसान पिपरिया चंपत**

थोड़ा-थोड़ा पानी छोड़ रहे हैं। 50 एकड़ खेत के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। अन्य माध्यमों से सिचाई करनी पड़ रही है।

**नारायण यादव**
**किसान झिरा निवासी**

# असलाना से दमोह के बीच तीसरी रेल लाइन पर दौड़ी मालगाड़ी

**दमोह, देशबन्धु।** असलाना के बीच तीसरी रेल लाइन पर जल्द आवागमन शुरू होने वाला है। 14 किमी लंबे इस ट्रैक पर जबलपुर रेलवे जोन ने यातायात की अनुमति दी है। इससे पहले 15 अक्टूबर को रेल सुरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान खामियां चिन्हित की थीं, जिन्हें अब दूर कर दिया गया है। बता दें कि खैजरा अंडर ब्रिज और कोपरा एनीकट पर सुधार कार्य पूरे कराए गए हैं। कोपरा एनीकट पर ओवर ब्रिज की ऊंचाई 10 फीट बढ़ाई गई ताकि बाढ़ के दौरान आवागमन बाधित न हो। यहां तीन मालगाड़ियां भी परीक्षण के लिए चलाई गईं। हालांकि पथरिया-असलाना (सुनार नदी) और घटेरा-बांदकपुर (व्यारमा नदी) के पुल निर्माण कार्य लंबित होने से तीसरी लाइन पूरी तरह चालू नहीं हो पाई है।